पंजाब केसरी 21/02/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने देखा शेक्सपियर का नाटक 'द मर्चेंट ऑफ वेनिस'

अम्बाला, 20 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग एवं प्लेसमैंट सैल के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में विद्यार्थियों के लिए विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक 'द मर्चेंट ऑफ वेनिस' का चलचित्र प्रदर्शन किया गया।

इस नाटक में धन, न्याय, प्रेम और नफरत जैसे विषयों पर विचार किया गया है, जो इसे साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान देता है। इस फिल्म के द्वारा विद्यार्थियों ने तत्कालीन ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, जो कि उनके पाठ्यक्रम को सरलता से समझने में उपयोगी होगी।

संयोजिका डा. अंशु चौधरी ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों के भाषा कौशल, उनके शुद्ध उच्चारण एवं शेक्सपियर की अंग्रेजी के बारे में ज्ञान को बढ़ाने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा को विद्यार्थीपरक बनाने में आधुनिक तकनीक का उपयोग पाठ्यक्रम को रोचक बनाने में सहायता करता है। समन्वयक डा. ज्योति सौरोत ने कहा कि हमें किसी भी साहित्य को बंधनों और समय के परे देखने की आवश्यकता होती है। शेक्सपियर के लेखन को विश्व साहित्य के परिवेश में देखते हुए उनके द्वारा प्रयुक्त भाषा के विविध आयामों को चलचित्र के माध्यम से विद्यार्थियों तक बेहतर तरीके से पहुंचाया जा सकता है।



*जी.एम.एन. कॉलेज में शेक्सपियर के नाटक 'द मर्चेंट ऑफ वेनिस' का चलचित्र प्रदर्शन देखते विद्यार्थी।*

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि पाठ्यक्रम से संबंधित फिल्में समृद्ध दृश्य-श्रव्य सामग्री प्रदान करती हैं, जो शिक्षार्थियों को जानकारी को आसानी से समझने और याद रखने में मदद करती हैं। उन्होंने अंग्रेजी विभाग के इस अनूठे प्रयास की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. अमित कुमार, कमलेश कुमारी, डा. नीना एवं महक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।